**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–01 मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौदह वर्ष तक की बालिकाओं के लिए सर्विकल कैंसररोधी एचपीवी टीकाकरण का किया शुभारंभ। कहा– यह अभियान देश की नारियों को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश के 1 करोड़ 86 लाख परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए जारी की 1 हजार 500 करोड़ रुपए की सब्सिडी। कहा– महिला सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए काम कर रही है डबल इंजन की सरकार।
- त्योहारों को लेकर मुख्यमंत्री ने की प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों पर कठोर कार्रवाई के दिये निर्देश।
- आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर–8 में आज भारत का मुकाबला वेस्टइंडीज से। विजेता टीम पहुंचेगी सेमीफाइनल में।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल राजस्थान के अजमेर से चौदह वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस–एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य सर्विकल कैंसर की रोकथाम करना है, जो महिलाओं में कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा–

**मुझे देशभर की बेटियों के लिए एक अहम अभियान शुरू करने का अवसर मिला है। यहां अजमेर से एच.पी.वी. वैक्सीनेशन अभियान शुरू हुआ है। यह अभियान देश की नारी शक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम है।**

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को राजधानी लखनऊ, वाराणसी, और बलरामपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में देखा गया। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उत्तर प्रदेश में राज्य स्तरीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सर्विकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है। इसकी रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। टीकाकरण अभियान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह ऐतिहासिक पहल स्वस्थ भारत–सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक और युगांतरकारी प्रयास है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में होली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एक हजार पांच सौ करोड़ रुपए की धनराशि से प्रदेश के एक करोड़ छियासी लाख परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी जारी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अंदर महिला सुरक्षा और उनके स्वावलंबन के लिए कार्य कर रही है, उनके हितों के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं।

**यह डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अंदर महिला सुरक्षा, महिला सम्मान और उनके स्वावलंबन के लिए कार्य कर रही है। आज हमारे लिए तो उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता ही परिवार है और उसी का सुरक्षा भी उसी का सम्मान भी और उसी के स्वावलंबन के लिए कार्य करना है और उसी दिशा में यह जो प्रयास प्रारंभ हुए हैं। इस बार आपने बजट में देखा होगा। दोनों सरकारों ने गरीब को, महिलाओं को, किसानों को, युवाओं को ध्यान में रखकर के इन योजनाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है।**

सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का प्रदेश के सभी जिलों में सीधा प्रसारण किया गया। साथ ही प्रदेश सरकार के मंत्रियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के बीच उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को जिला स्तर पर सब्सिडी के प्रतिकात्मक चेक वितरित किये गये। कार्यक्रमों में लाभार्थियों ने मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन और गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के लिये सरकार के प्रति आभार जताया। अयोध्या में लाभार्थी नेहा बानो ने कहा–

**हमें उज्ज्वला से बहुत सारे फायदे हुए हैं। पहले हमारे घर में चूल्हे जलते थे जिससे हमको बहुत दिक्कतें होती थी। बहुत ही ज्यादा टाइम लगते थे खाना–वाना बनाने में अब बहुत ज्यादा टाइम की बचत होती है और जो सांस की बीमारियां होती थी, आंख से आंसू निकलते थे वो सब अब नहीं होते तो उज्ज्वला और सब्सिडी के रूप में हमें आर्थिक सहायता भी मिलती है।**

**********

ईरान पर अमरीका और इस्राएल के संयुक्त रूप से हमले जारी है। इसे देखते हुए भारत ने इस्राइल और ईरान में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों से सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने को कहा है। इस बीच सरकार ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से संयम बरतने, और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तनाव कम करने और मूल मुद्दों को सुलझाने के लिए संवाद और कूटनीति का सहारा लिया जाना चाहिए। मंत्रालय ने कहा है कि सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर होली, रमजान, और ईद सहित आगामी पर्वों को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि त्योहारों पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। सामाजिक सौहार्द और कानून

व्यवस्था से खिलवाड़ करने की एक भी हरकत बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने होलिका दहन समितियों और पीस कमेटियों की बैठकें अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिये। उन्होंने होली पर परिवहन निगम को अतिरिक्त बसें संचालित करने और बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया। मुख्यमंत्री की इस बैठक में जोन, रेंज, मण्डल और जिला स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

**********

प्रदेश भर में होली महापर्व और माह–ए–रमजान को देखते हुए सुरक्षा को लेकर चौकसी बरती जा रही है। कई जिलों में पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है। राजधानी लखनऊ में लगभग तीन हजार आठ सौ स्थानों पर होलिका दहन होगा। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून और व्यवस्था बबलू कुमार ने बताया कि प्रत्येक स्थान पर मोबाइल पार्टियां और स्टेटिक फोर्स के साथ पुलिस जवानों को तैनात किया जा रहा है। उधर, वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि लगभग पच्चीस सौ स्थानों पर होलिका दहन होंगे और होली के अवसर पर कई जुलूस भी निकाले जाएंगे। सभी के लिए सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।

**यहां पर लगभग 25 सौ होलिका दहन यहां पर होंगे और कई जलूस भी यहां पर होली के दिन निकाले जाएंगे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जितने भी आयोजक हैं, उनके साथ थाना लेवल पर एसीपी लेवल पर बैठकें कर ली गई है। जिला स्तरीय बैठक भी कर ली गई है। होलिकाएं रखी गई है। उनकी सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए हैं।**

होली के अवसर पर शाहजहाँपुर में परंपरागत रूप से आयोजित होने वाले 'लाट साहब' जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से कल समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

**********

प्रदेश के पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कल सुल्तानपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पंचायत चुनाव नियत समय पर कराने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है।

**मतपत्र छपकर के जिले में पहुंचा दिए गए हैं। 15 अप्रैल को मतदाता सूची का प्रकाशन होने जा रहा है। एसआईआर का काम चल रहा है, सारे अधिकारी उसमें लगे हैं। चुनाव समय पर होगा।**

**********

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के सहयोग से आकाशवाणी लखनऊ ने कल शाम विश्वविद्यालय स्थित कला मंडपम् में सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्सव वंदेमातरम् का आयोजन किया। पुलिस महानिदेशक रेडियो वायरलेस आशुतोष पांडेय ने समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आकाशवाणी लखनऊ की कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम राष्ट्र के प्रति हमारी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

**********

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशालय में फार्मासिस्ट के पांच सौ से अधिक पदों पर चयन के लिये विज्ञापन जारी कर दिया गया है। आवेदकों से उन्तीस मार्च तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गये हैं।

**********

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर–8 के अन्तिम मुकाबले में आज शाम कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत का सामना वेस्टइंडीज से होगा। दोनों टीमों के लिये यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण है। विजेता टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी। उधर, कल शाम सुपर–8 के एक मुकाबले में श्रीलंका को पांच रन से हराने के बावजूद खराब रन रेट के चलते पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी।

**********